**30/10**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज 12वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर की दो दिन की यात्रा पर रवाना हुए। ADMM-प्लस 1 नवंबर को आयोजित होने वाली है। अपनी यात्रा के दौरान, श्री सिंह कल मलेशिया की अध्यक्षता में आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक के दूसरे संस्करण को भी संबोधित करेंगे। वह इस फोरम में 'ADMM-प्लस के 15 साल और आगे का रास्ता' विषय पर वार्ता पस्तुत करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक आसियान सदस्य देशों और भारत के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेगी, जिससे एक्ट ईस्ट पॉलिसी को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

0000000000000000000000

राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर राज्य और देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं, जिसे राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के महान सपूत की मज़बूत इच्छाशक्ति, अटूट देशभक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व की याद दिलाता है, जिन्हें भारत के लौह पुरुष का सम्मानजनक खिताब प्राप्त

हुआ। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल सबसे ज़्यादा राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। वे आधुनिक भारत के निर्माता थे, जिन्होंने 560 से ज़्यादा रियासतों को एक साथ मिलाकर एक मज़बूत और एकजुट राष्ट्र बनाया। उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और प्रशासनिक क्षमता ने भारत की एकता और अखंडता की नींव रखी। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की है कि सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श हमारे विचारों और कार्यों का मार्गदर्शन करें।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज ईटानगर में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं अरुणाचल प्रदेश सरकार के ट्रेड एंड कॉमर्स डिपार्टमेंट के सहयोग से आयोजित 2-दिवसीय अरुणाचल प्रदेश रिवर्स बायर-सेलर मीट 2025 का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में, मुख्यमंत्री ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना के 100 साल पूरे होने शुभकामानाएं देते हुए अरुणाचल प्रदेश को ऑर्गेनिक, प्राकृतिक और मुल्य आधारित उतपाद के नए हब के तौर पर बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के साथ पार्टनरशिप के लिए सराहना की। श्री खांडू ने अरुणाचल प्रदेश को एक प्रोड्यूसर राज्य से एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड इकॉनमी में बदलने के सरकार के विज़न पर ज़ोर दिया। उन्होंने एक्सपोर्ट करने लायक प्रोडक्ट्स की पहचान करने, कृषि-इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और इंटरनेशनल ब्रांडिंग सपोर्ट देने के लिए APEDA जैसी नेशनल एजेंसियों के साथ

मिलकर राज्य द्वारा की गई कई पहलों का ज़िक्र किया। दो-दिवसीय कार्यक्रम में पूरे भारत और विदेशों से प्रोड्यूसर, एक्सपोर्टर, इन्वेस्टर और खरीदार राज्य में व्यापार और निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए इस कार्यक्रम से जुड़ रहें हैं।

0000000000000000000000

गत 28 अक्टूबर को शुरू हुई चौथी राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025, आज तवांग में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन्न समारोह में सेपा (ईस्ट) विधायक एलिंग तालांग, तवांग विधायक नामगे सेरिंग, तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो, DDSE तवांग ह्दार फुंसोक एवं अन्य मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए सेपा विधायक ने आयोजकों और मुख्यमंत्री पेमा खांडू को इस मौके के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने युवाओं से खेलों में बड़ चड़ कर हिस्सा लेकर ड्रग्स से दूर रहने और मिशन विकसित अरुणाचल 2047 में योगदान देने की अपील की।

0000000000000000000000

कल नामसाई उपायुक्त की अध्यक्ष्ता में नामसाई स्थित DC कॉन्फ्रेंस हॉल में मातृ, नवजात और बच्चों की हेल्थ सर्विसेज़ पर नामसाई और चांगलांग जिलों के चाय बागान मालिकों एवं मैनेजर्स के लिए एक ज़रूरी सेंसिटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मिशन डायरेक्टर, NHM, डिप्टी डायरेक्टर, स्टेट नोडल ऑफिसर (CH), DMOs और DRCHOs, नामसाई और चांगलांग के मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज और अन्य सीनियर अधिकारी भी शामिल हुए। यह पहल राज्य में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसमें चाय बागान मालिकों और मैनेजरों को हेल्थ प्रोग्राम्स के बारे में पूरी जानकारी प्रदान की गई है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग डीसी कम म्युनिसिपल इलेक्शन ऑफिसर, सोनालिका जिवानी की अध्यक्षता में आज पासीघाट में DC कॉन्फ्रेंस हॉल में आने वाले पासीघाट म्युनिसिपल काउंसिल चुनावों में महिला उम्मीदवारों के लिए रिज़र्व वार्ड तय करने के लिए एक लॉटरी ड्रॉ का आयोजन किया गया। लॉटरी के बाद, पासीघाट म्युनिसिपल काउंसिल के आठ वार्डों में से तीन वार्ड आने वाले PMC चुनावों में महिलाओं के लिए रिज़र्व किए गए।

0000000000000000000000

पासिघाट स्थित अरुणाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, द्वारा आज अपने हिल टॉप कैंपस में अपना पहला कॉन्वोकेशन सेरेमनी का आयोजन किया। यूनिवर्सिटी के चांसलर सह अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने 2023-25 के पहले बैच के

छात्रों को डिग्री प्रादान की। इसके तहत कुल 71 स्टूडेंट्स ने पांच PG कोर्स में ग्रेजुएशन पुर्ण किया।

00000000000000000000000

और ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 12 जिलों पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, क्रा-दादी, शी-योमी, सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, लोहित और आंजाव के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

00000000000000000000000